## कविता

13

# विज्ञान की शिक्षा

सुनील कुमार गौड़*

होता है उद्देश्य विज्ञान का
करना समस्या का समाधान,
करके वैज्ञानिक प्रयत्न
करना सृजन नवीन ज्ञान।

अपनाकर 'प्रक्रिया' विज्ञान की
रचें विज्ञान के 'उत्पाद',
समझकर क्षमता स्वयं की
करें दूर अंधविश्वास।

अपनाकर विधियाँ विज्ञान की
करके वैज्ञानिक क्रियाकलाप,
बनें वैज्ञानिक आप
बनाएँ समाज को उन्नत।

अपनाकर पद्धति विज्ञान की
करके नई-नई बातें मालूम,
स्वयं समझें आप
करें वैज्ञानिक प्रयास।

संविधान का है यही कहना
वैज्ञानिक दृष्टिकोण हो सबका अपना,
करें सृजन रमन, बोस, कलाम की तरह,
करके खोज सत्य की।

करें भारत को महान,
बनाएँ भारत को महान ॥

* *शिक्षक-प्रशिक्षक*, पाठ्यचर्या विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तराखण्ड, देहरादून-248008